खाटू के श्याम धणी की महिमा अपार है भजन लिरिक्स

खाटू के श्याम धणी की,
महिमा अपार है,
जो माँगना है सो माँगो,
सच्चा दरबार है,
खाटु के श्याम धणी की।bd।

तर्ज – अफसाना लिख रही हूँ।

कलयुग में हारो का तो,
जीना मुहाल है,
जीना मुहाल है,
इस झूठे जग में ये ही,
रखता ख्याल है,
रखता ख्याल है,
बाबा की शरण में आके,
हर मझधार पार है,
जो माँगना है सो माँगो,
सच्चा दरबार है,
खाटु के श्याम धणी की।bd।

अखियों के आँसुओ से,
अब क्या करना गिला,
अब क्या करना गिला,
मेरे साँवरे की भक्ति,
देगी खुशियों से मिला,
देगी खुशियों से मिला,
बाबा की कृपा से उजड़ा,
चमन भी गुलज़ार है,
जो माँगना है सो माँगो,
सच्चा दरबार है,
खाटु के श्याम धणी की।bd।

दरबार में पावन ज्योत के,
बड़े अजब नज़ारे है,
बड़े अजब नज़ारे है,
दर पे आने वालों के,
चेहरे खिले खिले है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

चमके सितारे है,
'रूबी रिधम' कहते ये,
बड़ा दानी दातार है,
जो माँगना है सो माँगो,
सच्चा दरबार है,
खाटु के श्याम धणी की।bd।

खाटू के श्याम धणी की,
महिमा अपार है,
जो माँगना है सो माँगो,
सच्चा दरबार है,
खाटु के श्याम धणी की।bd।

Writer / Upload – Ruby Garg (Ruby Ridham)
9717612115
Singer – Indu Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com